आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 10.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय में आयोजित भारतीय सामाजिक विज्ञान संस्थान संघ के 24वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।
- पंतनगर में 118वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी शुरु। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने किया उद्‌घाटन।
- गृह सचिव शैलेश बगोली ने त्यौहारों के दौरान देहरादून में सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिए।
- चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल में श्रद्धालुओं के लिए बंद किए गए। लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी हुए बंद।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज दून विश्वविद्यालय में आयोजित भारतीय सामाजिक विज्ञान संस्थान संघ के 24वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में सामाजिक कल्याण, अर्थशास्त्र, रोजगार, उद्योग, कृषि, तकनीकी, पर्यावरण और नगरीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देश–विदेश के प्रख्यात विद्वानों द्वारा सार्थक विचार–विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस चिंतन–मंथन से सामाजिक नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन और राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जन–जन के कल्याण के लिए ठोस व व्यावहारिक उपायों का संकलन भी हो सकेगा।

**किसान मेला**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज पंतनगर में 118वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। राज्यपाल ने गांधी पार्क में लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल पर मौजूद छात्रों और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से जानकारी ली। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में जैविक खेती के साथ पारंपरिक खेती को बढ़ावा देना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने इसके लिए वैज्ञानिकों से आगे आने का आह्‌वान किया। राज्यपाल ने कहा कि इस मेले में किसानों को विशेषज्ञों द्वारा जो तकनीक उपलब्ध कराई जाएंगी, उससे कृषि के क्षेत्र में नए आयाम पैदा होंगे। उन्होंने सभी से कृषि की नवीनतम तकनीक को अपनाने की अपील भी की। इस दौरान राज्यपाल ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया और पुस्तकों का विमोचन किया। चार दिनों तक चलने वाले किसान मेले में कृषि संबंधी 500 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान सहित देश के अन्य राज्यों के साथ ही नेपाल के किसान भाग ले रहे हैं।

**मंडलायुक्त निरीक्षण**

कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने आज नैनीताल जिले के रानीबाग स्थित एनसीसी–79 बटालियन में चल रहे प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू–कश्मीर और चंडीगढ़ से आए एनसीसी कैडेट्स प्रशिक्षण ले रहे हैं। कुमाऊं आयुक्त ने प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से संवाद किया और उन्हें जीवन में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता व राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को एडवांस्ड लीडरशिप, ड्रोन तकनीक, साइबर क्राइम और आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

## गृह सचिव

गृह सचिव, शैलेश बगोली ने आगामी त्यौहारों के दौरान राजधानी देहरादून के बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और यातायात निदेशालय के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अधिकारी स्वयं फील्ड पर रहकर स्थिति की निगरानी करें और यातायात संचालन को सुव्यवस्थित बनाएं। बैठक में निर्णय लिया गया कि देहरादून में यातायात नियंत्रण के लिए एक कंपनी आईआरबी या पीएसी की तैनाती की जाएगी। साथ ही शहर के भीड़भाड़ वाले चौराहों और प्रमुख स्थलों की पहचान कर, वहां पर्याप्त संख्या में यातायात कर्मियों की तैनाती की जाएगी। सचिव ने निर्देश दिए कि सभी ट्रैफिक सिग्नल और सीसीटीवी कैमरे पुलिस विभाग के नियंत्रण में लाए जाएं, जिससे त्वरित निगरानी और कार्रवाई संभव हो सके। उन्होंने यातायात निदेशालय को विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में त्यौहारों के मद्देनज़र जनता की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू यातायात प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया गया।

## हेमकुंड कपाट

चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब के कपाट  इस वर्ष की अंतिम अरदास के साथ आज श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए गए। इसके साथ ही लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी आज विधि–विधान और पूजा–अर्चना के बाद शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बर्फ से ढकी सप्तश्रृंग घाटी के दिव्य नज़ारे के बीच, अमृतसरी रागी जत्थे द्वारा शबद–कीर्तन और सुखमणि साहिब पाठ का आयोजन किया गया। जिसके बाद अंतिम अरदास के साथ हेमकुंड साहिब के कपाट बंद कर दिए गए। इस अवसर पर सेना के बैंड की मधुर धुनों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस वर्ष 25 मई से शुरू हुई हेमकुंड साहिब की यात्रा में 2 लाख 75 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

## विज्ञान महोत्सव

बागेश्वर के विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान महोत्सव में कपकोट, गरुड़ और बागेश्वर विकासखंड से चयनित बाल वैज्ञानिकों ने अपने–अपने मॉडल और प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी में सात उप–विषयों के तहत जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इसमें पहले और दूसरे स्थान पर आने वाले छात्र, राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है।

छात्रा हिमानी ने बताया कि विज्ञान महोत्सव में भाग लेकर उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला और इससे वैज्ञानिक सोच और बढ़ी है।

विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और नवाचार की भावना जगाने वाला यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत साबित हुआ।

## सहायता राशि

जसपुर, देहरादून और हरिद्वार में उपनल के माध्यम से सेवारत तीन कार्मिकों की दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद उनके आश्रितों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में 50–50 लाख रुपए की सहायता राशि के चेक प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि कर्मचारियों को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण के साथ ही कठिन परिस्थितियों में उनके परिवार को हर संभव सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने उपनल कर्मचारियों के लिए यह सुविधा प्रदान करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक का आभार भी व्यक्त किया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य के सरकारी, अर्द्धसरकारी और उपनल कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज के तहत अनेक प्रकार की सुविधाएं और बीमा लाभ प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार और बैंकों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। सरकार की इस

महत्वपूर्ण पहल के तहत कार्मिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिजनों को सहायता राशि प्रदान की जा रही है।